>

Title: Regarding bank fraud committed by Punjab-Maharashtra Bank.

श्री रवि किशन (गोरखपुर) : सभापति महोदया, आपने मुझे आज एक बहुत ही अहम मुद्दे पर बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

महोदया, यह मुद्दा गरीबों और मिडिल क्लास परिवारों से जुड़ा हुआ है । यह मुद्दा मुझसे भी जुड़ा हुआ है । महाराष्ट्र के मुंबई में एक बहुत बड़ा बैंक स्कैम हुआ है । पंजाब महाराष्ट्र बैंक है, जिसमें मेरे भी पैसे थे । उसमें मेरी मेहनत और फिल्म इंडस्ट्री की सारी इनिशियली जमापूंजी थी । उसमें नौ लाख परिवारों के पैसे डूब गए हैं । कितने लोगों ने सुसाइड कर लिया है । 18 महीने हो गए हैं, पहले कैप लगा, फिर अचानक कहा कि आपके पैसे नहीं मिलेंगे । मैं यह जानता हूं कि यह विषय राज्य सरकार के जिम्मे आता है । लेकिन मैं कहां गुहार लगाऊं? एक सांसद के रूप में और एक नागरिक होने के नाते, वे सभी बैंक खाताधारक मुझे ट्वीट कर रहे हैं, मुझे मैसेज कर रहे हैं । बहुत सारे फिल्म इंडस्ट्री वाले हैं, बहुत सारे कलाकार हैं, छोटे कलाकार हैं, गरीब कलाकार हैं ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि पूरे देश में जितने भी बैंक फ्रॉड्स होते हैं, यह एक वेल प्लान्ड साजिश होती है । बैंक का एक मैनेज़र होता है, उसके किसी बिल्डर के साथ निजी संबंध होते हैं, निजी स्वार्थ होता है और वह उनके बड़े अमाउंट को एग्री करता है । उसके एवज़ में उसको बहुत कुछ मिलता है और उनकी बहुत प्रॉपर्टीज़ होती हैं ।

इनको जेल भी हो और साथ ही इनकी प्रॉपर्टीज को अटैच भी किया जाए । आरबीआई अरेस्ट करने के साथ इनकी प्रॉपर्टीज को अटैच करे । महाराष्ट्र सरकार जिस तरह से वसूली कर रही है, उसी तरह से हम गरीबों की या उन खाताधारकों की भी वसूली हो । उनका पैसा लौटाया जाए । यह मेरा निवेदन है । मैं इसके लिए बहुत रिक्वेस्ट कर रहा हूँ, क्योंकि लोग रोज मर रहे हैं । वहां पर

गरीब बर्बाद हो गया है । यह बहुत सीरियस मुद्दा है । इस देश में बैंक फ्रॉड तभी रुकेगा, जब जिन मैनेजर्स के द्वारा यह करवाया जा रहा है, उनके घर को अटैच किया जाएगा । इनकी प्रॉपर्टी बेची जाएगी और बेचकर सब गरीबों को, जो दिन रात मेहनत करके पैसा कमाते हैं, उनको वह पैसा लौटाया जाए । आप इस पर जरूर गौर करें । महाराष्ट्र सरकार इनकी वसूली करवाकर हमारा पैसा लौटा दे ।